# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 4-8-23 | 5 | 4 |

## कल कृषि विवि के वीसी बताएंगे किसानों की समस्याओं का समाधान

हेलो जागरण

प्रदेश में कृषि क्षेत्र में किसानों को कई बार छोटी-छोटी काफी समस्याएं आती हैं। उसको दूर करने के लिए कृषि विशेषज्ञ के साथ चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि के वैज्ञानिक लगे रहते हैं। किसानों को आ रही समस्याएं हर स्तर पर दूर हों और उनकी उन्नत कृषि के बारे में बताने के लिए कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज दैनिक जागरण के कार्यक्रम हेलो जागरण में जानकारी देंगे। इसमें किसान अपनी समस्याओं के बारे में फोन पर प्रो. काम्बोज से बातचीत कर सकते हैं।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज। ● पीआरओ

तिथि : 5 अगस्त

समय : दोपहर तीन से चार बजे

मोबाइल : 9896151432

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 5-8-2023 | 2 | 2-6 |

**कार्यक्रम • सदलपुर में स्वरोजगार सम्मेलन व किसान गोष्ठी में एससी महिलाओं को दिया प्रशिक्षण**

# हकृवि से जुड़कर नई तकनीक व स्वरोजगार अपनाकर किसान बढ़ा सकते हैं आय : भव्य

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, सदलपुर द्वारा गांव सदलपुर में 29वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक एवं स्वरोजगार सम्मेलन के साथ किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि आदमपुर के विधायक भव्य बिश्नोई रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। इस कार्यक्रम में 8 व्यवसायिक प्रशिक्षण जैसे; दूध व इससे बनने वाले उत्पाद, बेकरी, वस्त्र निर्माण, फल व सब्जी प्रशिक्षण, नर्सरी प्रबंधन, बेकरी, स्प्रे तकनीक आदि विषयों पर अनुसूचित जाति से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया।

मुख्यातिथि विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा कि चाहे युवा हो, किसान हो या फिर महिलाएं, सभी को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षणों में अधिक से अधिक भाग लेना चाहिए, जिससे कि वे विश्वविद्यालय से जुड़कर व स्वरोजगार अपनाकर अपनी आय बढ़ा सकें। उन्होंने कहा कि विदेशों की बात करें तो इजराइल ऐसा देश है, जहां पानी की किल्लत है। लेकिन अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग से इजराइल कृषि क्षेत्र में सबसे अव्वल देश माना जाता है। उन्होंने कहा कि इन कृषि तकनीकों को जानने के लिए हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी भजन लाल ने 1990 में इजराइल देश की यात्रा की थी, क्योंकि वे चाहते थे कि वहां की तकनीक हरियाणा प्रदेश में लागू कर किसानों को समृद्ध बनाया जा सकें। उन्होंने कहा किसानों के मार्गदर्शन के लिए सबसे पहले सदलपुर में ही कृषि विज्ञान केंद्र खोला गया था। विधायक ने युवा किसानों व महिलाओं से आह्वान किया कि वे मधुमक्खी पालन, कीट प्रबंधन, पशुपालन, फसल विविधिकरण व बागवानी प्रबंधन अपनाकर अधिक मुनाफा कमा सकती हैं। साथ ही दूसरों को रोजगार देने वाले भी बन सकते हैं। इसलिए किसानों को बदलते दौर के साथ अपने उपकरणों, क्रियाओं व प्रबंधन में परिवर्तन करने की जरूरत है। इस दौरान मुख्यातिथि ने स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रशिक्षण में भाग लेने वाले कुल 240 प्रतिभागियों को स्प्रे टंकी, मूवर, बाल्टी, स्केटियर, मिक्सी, ग्राइंडर, कढ़ाई, ओवन, प्लेट्स, पतीला, जूसर, कुकर, स्प्रे पंप व दवाइयां वितरित की। इनमें 160 अनुसूचित जाति से जुड़ी महिलाएं व 80 पुरुष शामिल थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यातिथि आदमपुर विस के विधायक भव्य बिश्नोई।

## किसानों की सेवा के लिए हकृवि सदैव तत्पर : प्रो. बी.आर. काम्बोज

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि किसान की समस्या को अपनी समस्या मानकर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक लगातार अनुसंधान कार्य कर रहे हैं। किसानों की सेवा के लिए हकृवि सदैव तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक निरंतर मेहनत करते हुए विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों और तकनीकों को विकसित करने में जुटे हुए हैं, ताकि किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा विश्वविद्यालय व उससे संबंधित कृषि विज्ञान केंद्रों से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ उठाएं। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने विस्तार शिक्षा की गतिविधियों के बारे में सभी को अवगत कराया। मंच का संचालन सदलपुर के कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य संयोजक डॉ. नरेंद्र ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों, शिक्षाविद, गांव सदलपुर के सरपंच सहित महिलाएं व गांवों के किसान मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 4-8-2023 | 5 | 5-8 |

## हकृवि से जुड़कर नई तकनीक व स्वरोजगार अपनाकर किसान बढ़ा सकते हैं अपनी आय : भव्य बिश्नोई

हिसार, 3 अगस्त (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, सदलपुर द्वारा गांव सदलपुर में 29वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक एवं स्वरोजगार सम्मेलन के साथ व किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि आदमपुर के विधायक भव्य बिश्नोई रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। इस प्रशिक्षण में 8 व्यवसायिक प्रशिक्षण जैसे दूध व इससे बनने वाले उत्पाद, बेकरी, वस्त्र निर्माण, फल व सब्जी प्रशिक्षण, नर्सरी प्रबंधन, बेकरी, स्प्रे तकनीक विषय पर अनुसूचित जाति से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया था। कृषि के क्षेत्र में दूरगामी सोच रखते थे स्वर्गीय चौधरी भजनलाल मुख्यातिथि विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा कि चाहे युवा किसान हो या फिर महिलाएं सभी को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षणों आदि में अधिक से अधिक भाग लेना चाहिए, जिससे कि वे विश्वविद्यालय से जुड़कर स्वरोजगार अपनाकर अपनी आय बढ़ा सकें। उन्होंने कहा कि विदेशों की बात करें तो इजराइल ऐसा देश है, जहां पानी की किल्लत है। लेकिन अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग से इजराइल कृषि क्षेत्र में सबसे अव्वल देश माना जाता है। उन्होंने कहा इन कृषि तकनीकों को जानने के लिए हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी भजन लाल ने 1990 में इजराइल देश की यात्रा की थी। क्योंकि वे चाहते थे कि वहां की तकनीक हरियाणा प्रदेश में लागू कर किसानों को समृद्ध बनाया जा सकें। उन्होंने कहा किसानों के मार्गदर्शन के लिए सबसे पहले सदलपुर में ही कृषि विज्ञान केंद्र खोला गया था। विधायक ने युवा किसानों व महिलाओं से आह्वान किया कि वे मधुमक्खी पालन, कीट प्रबंधन, पशुपालन, फसल विविधिकरण व बागवानी प्रबंधन अपनाकर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं, साथ ही दूसरों को रोजगार देने वाले भी बन सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि किसान की समस्या को अपनी समस्या मानकर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक लगातार अनुसंधान कार्य कर रहे हैं। हमारा एक ही लक्ष्य है कि किसान की मेहनत बेकार न जाए और उसके द्वारा बोई गई फसल सही समय पर अच्छे से तैयार हो ताकि उसकी भरपूर पैदावार मिल सके। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रदेश के हर गांव से जुड़ा हुआ है। इसके तहत 15 किसानों का या महिला किसानों का डेटा बेस रखा गया है ताकि सरकार की कोई भी सुविधा है, वैज्ञानिक जानकारी है, मौसम से संबंधित जानकारियां है उसे किसानों तक जल्द से जल्द से पहुंचाया जा सकें। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने विस्तार शिक्षा की गतिविधियों के बारे में सभी को अवगत कराया। मंच का संचालन सदलपुर के कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य संयोजक डॉ. नरेंद्र ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदें, गांव सदलपुर के सरपंच सहित भारी संख्या में महिलाएं व आसपास गांवों के किसान मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सामग्री वितरित करते हुए मुख्यातिथि आदमपुर के विधायक भव्य बिश्नोई व हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 4-8-2023 | 4 | 7-8 |

## हकृवि से जुड़ स्वरोजगार अपना किसान बढ़ा सकते हैं आय : भव्य




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि आदमपुर के विधायक भव्य बिश्नोई । ● विज्ञप्ति।

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद, सदलपुर द्वारा गांव सदलपुर में 29वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक एवं स्वरोजगार सम्मेलन के साथ व किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि आदमपुर के विधायक भव्य बिश्नोई रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने की।

मुख्यातिथि बिश्नोई ने कहा कि विदेशों की बात करें तो इजराइल ऐसा देश है, जहां पानी की किल्लत है। लेकिन अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग से इजराइल कृषि क्षेत्र में सबसे अव्वल देश माना जाता है। कहा कि हकृवि से जुड़ स्वरोजगार अपनाकर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं। स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रशिक्षण में भाग लेने वाले कुल 240 प्रतिभागियों को स्प्रे टंकी, मूवर, बाल्टी, स्केटियर, मिक्सी, ग्राइंडर, कढ़ाई, ओवन, प्लेट्स, पतीला, जूसर, कुकर, स्प्रे पंप व दवाईयां वितरित की गई। इनमें 160 अनुसूचित जाति से जुड़ी महिलाएं व 80 पुरुष शामिल थे।

### कृषि विज्ञान केंद्रों से जुड़े किसान : कुलपति

कुलपति प्रो . काम्बोज ने कहा कि हमारा एक ही लक्ष्य है कि किसान की मेहनत बेकार न जाए और उसके द्वारा बोई गई फसल सही समय पर अच्छे से तैयार हो। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा विश्वविद्यालय व उससे संबंधित कृषि विज्ञान केंद्रों से जुड़कर अधिक लाभ उठाएं। विस्तार शिक्षा निदेशक डा . बलवान सिंह मंडल ने विस्तार शिक्षा की गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर वैज्ञानिक, शिक्षाविद, सरपंच व किसान मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 4-8-2023 | 12 | 6-7 |

## किसान स्वरोजगार सम्मेलन में बोले भव्य...

# किसानों के प्रशिक्षण, जागरूकता अभियान को रखें गतिशील



हिसार में बृहस्पतिवार को स्वरोजगार सम्मेलन में हिस्सा लेते आदमपुर विधायक भव्य बिश्नोई।-निस

हिसार, 3 अगस्त (हप्र)

विधायक भव्य बिश्नोई ने बृहस्पतिवार स्व. चौ. भजनलाल द्वारा 1989 में निर्मित सदलपुर कृषि विज्ञान केंद्र में किसान स्वरोजगार सम्मेलन और किसान गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति बलदेव राज कंबोज ने की। किसानों से आधुनिक कृषि, फसल विविधिकरण, मोटे अनाज की फसलों को बढ़ावा तथा कृषि सहायक व्यवसाय को अपनाने के लिए आह्वान किया।

भव्य बिश्नोई ने इस केंद्र के सभी वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों, जागरूकता अभियान एवं अन्य योजनाएं जो कि आज के जमाने में कृषि से जुड़े हुए लोगों के लिए आवश्यक है, वो निरंतर गतिशील रखें। उन्होंने सभी किसानों एवं कृषि से जुड़े सभी लोगों से आह्वान किया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपनी कृषि पैदावार बढ़ाएं तथा देश की आर्थिक विकास को भी बढ़ाने में सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र सदलपुर की स्थापना ग्राम पंचायत सदलपुर के सहयोग से युगपुरूष चौ. भजनलाल, तत्कालीन केंद्रीय मंत्री ने साल 1989 में की थी। तब से लेकर आज तक इस केंद्र ने हिसार ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्र के किसानों एवं आम नागरिकों को विभिन्न प्रकार का कृषि प्रशिक्षण एवं अपनी सेवाएं देकर अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूं | 4-8-2023 | 5 | 5-6 |

# हकृवि से जुड़कर स्वरोजगार अपनाकर किसान बढ़ा सकते हैं अपनी आय : विधायक

हिसार (सच कहूं/ श्याम सुन्दर सरदाना)। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद, सदलपुर द्वारा गांव सदलपुर में 29वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक एवं स्वरोजगार सम्मेलन के साथ व किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि आदमपुर के विधायक भव्य बिश्नोई रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। इस प्रशिक्षण में .8 व्यवसायिक प्रशिक्षण जैसे दूध व इससे बनने वाले उत्पाद, बेकरी, वस्त्र निर्माण, फल व सब्जी प्रशिक्षण, नर्सरी प्रबंधन, बेकरी; स्प्रे तकनीक विषय पर अनुसूचित जाति से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया था। मुख्यातिथि विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा कि चाहे युवा किसान हो या फिर महिलाएं सभी को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षणों आदि में अधिक से अधिक भाग लेना चाहिए, जिससे कि वे विश्वविद्यालय से जुडकर स्वरोजगार अपनाकर अपनी आय बढ़ा सकें। उन्होंने कहा कि विदेशों की बात करें तो इजराइल ऐसा देश है, जहां पानी की किल्लत है। लेकिन अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग से इजराइल कृषि क्षेत्र में सबसे अव्वल देश माना जाता है। उन्होंने कहा इन कृषि तकनीकों को जानने के लिए हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी भजन लाल ने 1990 में इजराइल देश की यात्रा की थी। क्योंकि वे चाहते थे कि वहां की तकनीक हरियाणा प्रदेश में लागू कर किसानों को समृद्ध बनाया जा सकें। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि किसान की समस्या को अपनी समस्या मानकर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक लगातार अनुसंधान कार्य कर रहे हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 4-8-2023 | 2 | 4-5 |

## कृषि सहायक व्यवसाय को अपनाएं : भव्य बिश्नोई

हिसार, 3 अगस्त (ब्यूरो): विधायक भव्य बिश्नोई ने आज स्व. चौ. भजनलाल द्वारा 1989 में निर्मित सदलपुर कृषि विज्ञान केंद्र में किसान स्वरोजगार सम्मेलन और किसान गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति बलदेव राज कंबोज ने की। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक कृषि, फसल विविधिकरण, मोटे अनाज की फसलों को बढ़ावा तथा कृषि सहायक व्यवसाय को अपनाने के लिए आह्वान किया।



*कार्यक्रम के दौरान मौजूद विधायक भव्य बिश्नोई व अन्य अतिथिगण।*

भव्य बिश्नोई ने केन्द्र के सभी वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों, जागरूकता अभियान एवं अन्य योजनाएं जो कि आज के जमाने में कृषि से जुड़े हुए लोगों के लिए आवश्यक है, वो निरंतर गतिशील रखें। उन्होंने सभी किसानों एवं कृषि से जुड़े सभी उपस्थित जनों से आह्वान किया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपनी कृषि पैदावार बढ़ाएं तथा देश की आर्थिक विकास को भी बढ़ाने में सहयोग करें। इस दौरान रणधीर पनिहार, विक्रांत देवीलाल बिश्नोई, जयवीर गिल, विनोद ऐलावादी, विकास फुरसाणी, घनश्याम शर्मा, सुकरम तेनलवाली, पवन सांवत, पवन जैन आदि उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 4-8-2023 | 9 | 1 |

## किसान स्वरोजगार सम्मेलन का आयोजन

हिसार। विधायक भव्य बिश्नोई ने बृहस्पतिवार को स्व. चौ. भजनलाल द्वारा 1989 में निर्मित सदलपुर कृषि विज्ञान केंद्र में किसान स्वरोजगार सम्मेलन और किसान गोष्ठी में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने की। मौके पर रणधीर, विक्रांत, जयवीर, विनोद, विकास, घनश्याम आदि मौजूद थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 03.08.2023 | -- | -- |

## हकृवि की ओर से गांव सदलपुर में स्वरोजगार सम्मेलन व किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया

# हकृवि से जुड़कर नई तकनीकों व स्वरोजगार अपनाकर किसान बढ़ा सकते हैं अपनी आय : विधायक भव्य बिश्नोई

समस्त हरियाणा न्यूज

**हिसार, 3 अगस्त।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, सदलपुर द्वारा गांव सदलपुर में 29वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक एवं स्वरोजगार सम्मेलन के साथ व किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि आदमपुर के विधायक भव्य बिश्नोई रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। इस प्रशिक्षण में 8 व्यवसायिक प्रशिक्षण जैसे दूध व इससे बनने वाले उत्पाद, बेकरी, वस्त्र निर्माण, फल व सब्जी प्रशिक्षण, नर्सरी प्रबंधन, बेकरी, मधुमक्खी पालन, जैसे तकनीकी विषय पर अनुसूचित जाति से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया था।

**कृषि के क्षेत्र में दूरगामी सोच रखते थे स्वर्गीय चौधरी भजनलाल**

मुख्यातिथि विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा कि चाहे युवा किसान हो या फिर महिलाएं सभी को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षणों आदि में अधिक से अधिक भाग लेना चाहिए, जिससे कि वे विश्वविद्यालय से जुड़ कर स्वरोजगार अपनाकर अपनी आय बढ़ा सकें। उन्होंने कहा कि विदेशों की बात करें तो इजराइल ऐसा देश है, जहां पानी की किल्लत है। लेकिन अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग से इजराइल कृषि क्षेत्र में सबसे अव्वल देश माना जाता है। उन्होंने कहा इन कृषि तकनीकों को जानने के लिए हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी भजन लाल ने 1990 में इजराइल देश की यात्रा की थी। क्योंकि वे चाहते थे कि वहां की तकनीक हरियाणा प्रदेश में लागू कर किसानों को समृद्ध बनाया जा सके। उन्होंने कहा किसानों के मार्गदर्शन के लिए सबसे पहले सदलपुर में ही कृषि विज्ञान केंद्र खोला गया था। विधायक ने युवा किसानों व महिलाओं से आह्वान किया कि वे मधुमक्खी पालन, कीट प्रबंधन, पशुपालन, फसल विविधिकरण व बागवानी प्रबंधन अपनाकर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं, साथ ही दूसरों को रोजगार देने वाले भी बन सकते हैं। इसलिए किसानों को बदलते दौर के साथ अपने उपकरणों, क्रियाओं व प्रबंधन में परिवर्तन करने की जरूरत है। इस दौरान मुख्यातिथि ने स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रशिक्षण में भाग लेने वाले कुल 240 प्रतिभागियों को सौ टंकी, मूढ़ा, बाल्टी, स्केटिंग, सिलाई, ड्राईवर, कढ़ाई, ओवन, स्टोव, पतीला, जूसर, कुकर, स्प्रे पंप व दवाईयां वितरित की गई। इनमें 160 अनुसूचित जाति से जुड़ी महिलाएं व 80 पुरुष शामिल थे।

**किसानों की सेवा के लिए हकृवि सदैव तत्पर : प्रो. बी.आर. काम्बोज**

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि किसान की समस्या को अपनी समस्या मानकर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक लगातार अनुसंधान कार्य कर रहे हैं। हमारा एक ही लक्ष्य है कि किसान की मेहनत बेकार न जाए और उसके द्वारा बोई गई फसल सही समय पर अच्छे से तैयार हो ताकि उसको भरपूर पैदावार मिल सके। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक निरंतर मेहनत करते हुए विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों और तकनीकों को विकसित करने में जुटे हुए हैं ताकि किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा विश्वविद्यालय व उससे संबंधित कृषि विज्ञान केंद्रों से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ उठाएं। विश्वविद्यालय की ओर से निरंतर किसानों, महिलाओं, युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण आयोजित कर रहा है, जिसमें फसलों के मूल्य संवर्धन, दूध के मूल्य संवर्धन सहित बागवानी, सब्जियों की खेती, फसल विविधिकरण आदि के बारे में लगातार जानकारी दी जाती है। यहां से प्रशिक्षण हासिल कर प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रदेश के हर गांव से जुड़ा हुआ है। इसके तहत 15 किसानों का या महिला किसानों का ग्रुप बनाया गया है ताकि सरकार की कोई भी सुविधा है, वैज्ञानिक जानकारी है, मौसम से संबंधित जानकारियां हैं उसे किसानों तक जल्द से जल्द से पहुंचाया जा सके। कुलपति ने सभा में भारी संख्या में मौजूद महिलाओं की संख्या देखकर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि आज इस बदलते समय में मैं चाहूंगा कि हमारी मातृ-शक्ति का बड़ा योगदान हो सकता है। किसी भी व्यवसाय को अपनाने में और अपने परिवार की प्रगति करने में उनका अहम योगदान है। जब परिवार प्रगति करेगा तो निश्चित रूप से प्रदेश से लेकर देश भी तरक्की करेगा। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने विस्तार शिक्षा की गतिविधियों के बारे में सभी को अवगत कराया। मंच का संचालन सदलपुर के कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य संयोजक डॉ. नरेंद्र ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदें, गांव सदलपुर के सरपंच सहित भारी संख्या में महिलाएं व आसपास गांवों के किसान मौजूद रहे।



| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 03.08.2023 | -- | -- |

# एचएयू से जुड़कर नई तकनीकों को अपनाकर किसान बढ़ा सकते हैं अपनी आय : भव्य बिश्नोई

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, सदलपुर द्वारा गांव सदलपुर में 29वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक एवं स्वरोजगार सम्मेलन के साथ व किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि आदमपुर के विधायक भव्य बिश्नोई रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। इस प्रशिक्षण में 8 व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसे दूध व इससे बनने वाले उत्पाद, बेकरी, वस्त्र निर्माण, फल व सब्जी प्रशिक्षण, नर्सरी प्रबंधन, बेकरी, स्प्रे तकनीक विषय पर अनुसूचित जाति से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया था।



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक भव्य बिश्नोई।

मुख्यातिथि विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा कि चाहे युवा किसान हों या फिर महिलाएं सभी को एचएयू द्वारा आयोजित प्रशिक्षणों में अधिक से अधिक भाग लेना चाहिए, जिससे वे विश्वविद्यालय से जुड़कर स्वरोजगार अपनाकर अपनी आय बढ़ा सकें। विधायक ने युवा किसानों व महिलाओं से आह्वान किया कि वे मधुमक्खी पालन, कीट प्रबंधन, पशुपालन, फसल विविधिकरण व बागवानी प्रबंधन अपनाकर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं, साथ ही दूसरों को रोजगार देने वाले भी बन सकते हैं। इसलिए किसानों को बदलते दौर के साथ अपने उपकरणों, क्रियाओं व प्रबंधन में परिवर्तन करने की जरूरत है। इस दौरान मुख्यातिथि ने स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रशिक्षण में भाग लेने वाले कुल 240 प्रतिभागियों को स्प्रे टंकी, मूवर, बाल्टी, स्केटियर, मिक्सी, ग्राइंडर, कढ़ाई, ओवन, प्लेट्स, पतीला, जूसर, कूकर, स्प्रे पंप व दवाईयां वितरित की गई। इनमें 160 अनुसूचित जाति से जुड़ी महिलाएं व 80 पुरुष शामिल थे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि किसान की समस्या को अपनी समस्या मानकर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक लगातार अनुसंधान कार्य कर रहे हैं। हमारा एक ही लक्ष्य है कि किसान की मेहनत बेकार न जाए और उसके द्वारा बोई गई फसल सही समय पर अच्छे से तैयार हो ताकि उसकी भरपूर पैदावार मिल सके।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 03.08.2023 | -- | -- |

## सदलपुर कृषि विज्ञान केंद्र में किसान स्वरोजगार सम्मेलन और किसान गोष्ठी का आयोजन

### ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपनी कृषि पैदावार बढ़ाएं : भव्य बिश्नोई



पाठकपक्ष न्यूज

**आदमपुर, 3 अगस्त :** विधायक भव्य बिश्नोई ने आज स्व. चौ. भजनलाल जी द्वारा 1989 में निर्मित सदलपुर कृषि विज्ञान केंद्र में किसान स्वरोजगार सम्मेलन और किसान गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति बलदेव राज कंबोज ने की। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक कृषि, फसल विविधिकरण, मोटे अनाज की फसलों को बढ़ावा तथा कृषि सहायक व्यवसाय को अपनाने के लिए आह्वान किया। भव्य बिश्नोई ने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र सदलपुर की स्थापना ग्राम पंचायत सदलपुर के सहयोग से युगपुरुष चौ. भजनलाल जी तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री ने सन् 1989 में की थी। तब से लेकर आज तक इस केन्द्र ने हिसार ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्र के किसानों एवं आम नागरिकों को विभिन्न प्रकार का कृषि प्रशिक्षण एवं अपनी सेवाएं देकर अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है। उन्होंने सभी किसानों एवं कृषि से जुड़े सभी उपस्थित जनों से आह्वान किया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपनी कृषि पैदावार बढ़ाएं तथा देश की आर्थिक विकास को भी बढ़ाने में सहयोग करें। वैज्ञानिक तरीकों, आधुनिक मशीनों, फसल विविधिकरण के तहत मोटे अनाज की फसलों को बढ़ावा देना और इसके साथ कृषि से जुड़े अन्य कार्य जैसे पशुपालन, मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन जैसे सहायक व्यवसाय अपनाकर आर्थिक मजबूत बनें। इस दौरान रणधीर पनिहार, विक्रांत देवीलाल बिश्नोई, जयवीर गिल, विनोद ऐलावादी, विकास फुरसाणी, घनश्याम शर्मा, सुकरम तैनलवाली, पवन सांवत, पवन जैन आदि उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 5-8-2023 | 3 | 3-5 |


# मन को हम केवल सांसों से नियंत्रित कर सकते हैं : गुप्ता



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वैज्ञानिक व आर्ट ऑफ लिविंग के स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता। स्रोत : स्वयं

संवाद न्यूज एजेंसी

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में चल रहे कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं डाटा विश्लेषण विषय पर रिफ्रेशर कोर्स में आर्ट ऑफ लिविंग के स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता को आमंत्रित किया गया। इस ट्रेनिंग कोर्स में 30 वैज्ञानिक भाग ले रहे हैं। गुप्ता ने कहा कि मन को हम केवल सांसों से नियंत्रित कर सकते हैं।

वहीं, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की मंजू मेहता ने बताया कि यह कोर्स कंप्यूटर विभाग के साथ मिलकर आयोजित किया है।

नीरज गुप्ता ने कहा कि आजकल तनाव ट्रेंड में है और लगभग सभी इससे ग्रस्त हो जाते हैं। तनाव लेना तो हमें आता है पर उसे हमारे जीवन से दूर करने का उपाय नहीं पता होता है। जीवन में तनाव का मुख्य कारण है कि जब हमारे पास करने को बहुत कुछ होता हैं लेकिन समय पर्याप्त नहीं होता और ऊर्जा का अभाव होता हैं। हम केवल अपनी ऊर्जा को बढ़ाकर इससे निजात पा सकते हैं। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को 15 मिनट का ध्यान कराया गया।